NAVODYA TIMES, Delhi, 12.7.2018
Page No. 11, Size:(10.64)cms X (12.87)cms.

# 'आधार आधारित डी.बी.टी. से सरकार को अब तक हुई 90,000 करोड़ रुपए की बचत'

हैदराबाद, 11 जुलाई (एजैंसी): आधार से जुड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी.बी.टी.) प्रणाली शुरू होने के बाद से सरकार को इस साल 31 मार्च तक 90,000 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है। भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यू.आई.डी.ए.आई.) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।




यू.आई.डी.ए.आई. के चेयरमैन जे. सत्यनारायण ने यहां इंडिया स्कूल आफ बिजनैस (आई.एस.बी.) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''हमने अभी तक आधार कार्ड और संबंधित प्रणालियों पर 10,000 करोड़ रुपए भी खर्च नहीं किए हैं लेकिन इससे बचत काफी अधिक हुई है। इस साल 31 मार्च तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) सहित अन्य योजनाओं के लिए आधार पहचान संख्या से जुड़ी डी.बी.टी. व्यवस्था अपना कर हम 90,012 करोड़ रुपए की बचत कर पाए हैं।'' उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के लिए 121 करोड़ लोगों का नामांकन हो चुका है।

नवोदय टाइम्स Thu, 12 July 2018
epaper.navodayatimes.in/c/3027999